नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# राजस्थान के स्कूली पाठ्यक्रम मे शांमिल होगा ऑपरेशन सिंदूर ? शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कर दिया साफ।

Publisher

Published on 14 May 2025



## पाकिस्तान के पहलगाम हमले के जवाब मे भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की देशभर मे संराहना हो रही है. इसे स्कूली पाठ्यक्रम मे शांमिल करने पर क्या कहना चाहती है राजस्थान सरकार.

पाकिस्तान के पहलगाम हमले के जवाब में भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की देशभर में चर्चा है. लोगों ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की जमकर सराहना की है. पीएम मोदी का कहना है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित किया गया है लेकिन यह खत्म नहीं हुआ है यह जारी ही है.

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान के स्कूली पाठ्यक्रमों में फिलहाल ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करने की कोई योजना नहीं है. राज्य के शिक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम में शामिल करने की खबरों का खंडन किया है. मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है.

उन्होंने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण और राष्ट्रीय हित से जुड़ा हुआ मामला है. इस बारे में तुरंत फैसला लेना जल्दबाजी होगी. भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है. फिलहाल इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.